### एक नजर में

## श्री मृदुला श्रीजी म. सा. का मंगलमय प्रवेश 24 को

**नीमच।** जिनशासन गौरव, प्रज्ञानिधि, समरस शिरोमणि वाक् चिंतामणि आचार्य श्री 1008 श्री विजयराजजी म. सा. के आज्ञानुवर्ती शासन प्रभाविका क्रांतिकर्णिका विदुषी श्री मृदुला श्रीजी म. सा. आदि ठाणा 8 का चातुर्मासिक भव्य प्रवेश कल 24 जुलाई 2026 शुक्रवार को प्रात: 8:30 के लगभग फव्वारा चौक के पास अग्रवाल पंचायत भवन (बारादरी) से प्रारम्भ होकर नया बाजार घंटा घर पुस्तक बाजार होते हुए जैन स्थानक जैन कॉलोनी नीमच पर होगा। प्रवेश से पूर्व नवकारसी की व्यवस्था प्रात: 7:30 बजे से प्रवेश में पधारने वाले सभी धर्मानुरागीयों के लिए अग्रवाल पंचायत भवन (बारादरी) पर पुण्यशाली सुश्रावक श्री सागरमलजी सा., सुरेश कुमारजी सा., डॉ. एम. एल. सहलोत सा. व समस्त सहलोत परिवार द्वारा रहेगी। आप अधिक से अधिक संख्या में श्री संघ सहित सपरिवार पधारकर चातुर्मासिक मंगल प्रवेश को सफल बनावें। आपश्री का चातुर्मास नीमच में 30 वर्ष पूर्व सन् 1996 में हुआ था। पुन: अब अवसर प्राप्त हुआ। चातुर्मासिक मंगल प्रवचन 26 जुलाई 2026 रविवार से जैन स्थानक जैन कॉलोनी नीमच पर प्रारम्भ होंगे।

## मालाहेड़ा में आयोजित हुआ नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर



**नीमच।** आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मालाहेड़ा (आयुष) द्वारा बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र मालाहेड़ा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श, अम्लपित्त, साइटिका एवं प्रमेह सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों के रक्तचाप (बीपी) की नि:शुल्क जांच भी की गई। चिकित्सा शिविर में उपस्थित लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव, तनाव मुक्ति तथा स्वस्थ दिनचर्या एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में कुल 36 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.आबिद खान, दवासाज श्री अनवर खान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क पुस्तक एवं नोटबुक वितरण कार्यक्रम 25 को

**नीमच।** शिक्षा को बढ़ावा देने एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से पालक महासंघ मध्य प्रदेश, जिला इकाई नीमच द्वारा शनिवार, 25 जुलाई 2026 को प्रात: 11:00 बजे श्री नूतन विद्यालय, नीमच (भागेश्वर मंदिर के पास) में नि:शुल्क पुस्तक एवं नोटबुक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के एजुकेशन डायरेक्टर श्री नरेन्द्र जी व्यास, प्राचार्या श्रीमती कृतिका जी अहीर एवं प्रधानाध्यापक श्री निश्चल जी जोशी की गरिमामयी उपस्थिति एवं पालक महासंघ मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जगदीश जी शर्मा के विशेष आतिथ्य एवं कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर कक्षा 9वीं एवं 10वीं के ऐसे छात्र-छात्राओं को, जो आर्थिक कारणों से अभी तक अपनी पाठ्यपुस्तकें नहीं खरीद सके हैं, उन्हें नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की जाएंगी। साथ ही कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों को कॉपियाँ तथा कक्षा 11वीं एवं 12 के छात्र-छात्राओं को नोटबुक प्रदान की जाएंगी। यह सेवा एवं जनहित का कार्य (नूतन स्कूल के होनहार प्रतिभावान पूर्व छात्र) सम्मानीय श्रीकमलेश जी शर्मा उप पुलिस अधीक्षक झाबुआ एवं पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई नीमच के सहयोग से संपन्न होगा।

# नीमच पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 5 .28 क्विंटल डोडाचूरा जब्त

- 79.22 लाख की मादक सामग्री और दो वाहन बरामद
- जाट चौकी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान पकड़ी खेप
- राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार, पांच अन्य आरोपी फरार



**नीमच।** प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत नीमच पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना रतनगढ़ की जाट पुलिस चौकी ने कार्रवाई करते हुए 5 क्विंटल 28 किलो 180 ग्राम अवैध डोडाचूरा, एक महिंद्रा पिकअप वाहन, एक मारुति सुजुकी अल्टो कार तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त कर राजस्थान निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ एवं वाहनों सहित कुल जब्ती की अनुमानित कीमत 79 लाख 22 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में पांच अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल तथा एसडीओपी जावद हर्ष राठौर के मार्गदर्शन में की गई।

**मुखबिर की सूचना पर की गई नाकाबंदी**-पुलिस के अनुसार 22 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही जाट चौकी पुलिस ने गोल डूंगरी चौराहा, जाट पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की।

कुछ ही देर में संदिग्ध महिंद्रा पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में रखे 26 काले प्लास्टिक के कट्टों में कुल 5 क्विंटल 28 किलो 180 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से चालक अर्जुन पिता देवा बंजारा (25 वर्ष), निवासी ग्राम सारण, थाना गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया।

**पायलटिंग कर रही अल्टो कार भी जब्त**-जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि तस्करी के लिए पिकअप वाहन के आगे-आगे एक मारुति सुजुकी अल्टो कार (क्रमांक आरजे-06 सीडी-6492) पायलटिंग कर रही थी। पुलिस ने उक्त कार को भी जब्त कर लिया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज**- पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि मादक पदार्थ के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और अन्य तस्करों के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस अवैध कारोबार में जगदीश, रवि, महेंद्र, प्रकाश एवं अरुण बंजारा, निवासी ग्राम सारण, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) भी शामिल हैं। सभी आरोपी वर्तमान में फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले में घर-घर पहुंच रहा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान



**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित दूध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के तहत जिले में व्यापक स्तर पर घर-घर संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में 13 जुलाई 2026 से संचालित इस अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन एवं आधुनिक डेयरी प्रबंधन की जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिले में 3 से 4 गोवंश अथवा भैंसवंशीय पशुधन रखने वाले 10,084 पशुपालकों को चिन्हित किया गया है। विभाग के प्रशिक्षित सर्वेयर एवं मैत्रीकर्ता निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्रत्येक पशुपालक के घर पहुंचकर पशु नस्ल सुधार, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही शासन के 'गोरस एप' एवं पशुपालन संबंधी उपयोगी डिजिटल सामग्री भी पशुपालकों तक पहुंचाई जा रही है।

अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय जिला नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश शर्मा ने जिले के विभिन्न विकासखंडों का भ्रमण कर गृहभेंट गतिविधियों का सत्यापन किया तथा अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अनुसार 20 जुलाई 2026 तक 8,160 पशुपालकों के यहां गृहभेंट कर निर्धारित गतिविधियां पूर्ण की जा चुकी हैं। अभियान की सतत निगरानी जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी की जा रही है।

# खेल मैदान बचाने के लिए खेल प्रेमियों की बैठक आज

**नीमच। नीमच शहर के हृदय स्थल पर खेल प्रेमियों के खेलने का एकमात्र खेल मैदान शासकीय जिला चिकित्सालय के पास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 स्थित है। लेकिन वर्तमान में उक्त मैदान पर सीएम राइज स्कूल के निर्माण के लिए स्थल चयन किया गया है।**

उक्त स्थल पर निर्माण होने से खेल प्रेमियों के लिए नीमच शहर में और कोई भी मैदान नहीं बचेगा क्योँकि पहले से ही नीमच के भूमाफियाओं ने सभी खेल मैदान हड़प लिए है। और इसीलिए खेल प्रेमियों ने उक्त खेल मैदान को बचाने के लिए 23 जुलाई को प्रात: 8 30 बजे उक्त मैदान में परेड स्थल के नजदीक एक मीटिंग का आयोजन सभी खेल प्रेमियों द्वारा किया जा रहा है। जो भी खेल प्रेमी उक्त मैदान को बचाना चाहते है वो सभी बिना दलगत राजनीति के बैठक में पहुंचकर अगली रणनीति बनाने में अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर सहभागिता दर्ज करावे। उक्त जानकारी माय टीम क्रिकेट क्लब , लालसाई क्रिकेट कमेटी नीमच पैंथर्स , मुकदर टाइगर टीम ,और अन्य टीमों के साथ ही कीर्ति पंचोली ने दी।

# किसानों से सर्वोत्तम कृषक पुरुस्कार 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित

**नीमच। मध्यप्रदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरुस्कार दिये जाना है।**

इसके तहत जिले के सभी 3 विकास खण्ड के पांच-पांच सर्वोत्तम किसान (विभिन्न इंटरप्राइजेज कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी प्रत्येक का 1) को 10 हजार रुपये का पुरुस्कार प्रदान किया जावेगा। जिला स्तरीय पुरुस्कार हेतु विभिन्न इंटरप्राइजेज कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी प्रत्येक को 25 हजार रुपये का पुरुस्कार दिया जायेगा।

विकास खण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरुस्कार के लिए गठित चयन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर रहेंगे । परियोजना संचालक आत्मा सदस्य सचिव तथा उधानिकी ,पशु पालन ,मत्स्य पालन विभाग के जिला प्रमुख तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी इस समिति में सदस्य बनाए गये है।

परियोजना संचालक 'आत्मा ' डॉ.यतिन कुमार मेहता ने जिले के किसानो तथा कृषक समूहों से इस पुरुस्कार के अधिकाधिक आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

### एक नजर

**नीमच में सामूहिक अर्क विवाह का आयोजन संपन्न, 31 युवक हुए शामिल**

# अर्क विवाह करना एक प्राचीन और कारगर पद्धति है : शर्मा



**नीमच। बुधवार को भड़ली नवमी के शुभ अवसर पर स्थानीय श्री परशुराम महादेव मंदिर, चौरडिया हॉस्पिटल के पीछे, नीमच पर पहली बार विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा विवाह योग लड़कों के शीघ्र विवाह के लिए सामूहिक अर्क विवाह धार्मिक अनुष्ठान (पूजन) का भव्य आयोजन किया गया।**

इस अनुठे आयोजन में नीमच जिले सहित मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के कई शहरों के लगभग 31 युवक एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। पूजन का कार्यक्रम प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ हुआ,जो शाम तक चला। जिसमें विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार के साथ सामूहिक अर्क विवाह धार्मिक पूजन का आयोजन संपन्न कराया गया।

आयोजन समिति के प्रमुख एवं आचार्य पंडित लक्ष्मण शास्त्री एवं पंडित जय प्रकाश शास्त्री ने बताया कि शास्त्र अनुसार अर्क विवाह एक प्राचीन धार्मिक वैदिक अनुष्ठान है, जिसमें पुरुष (लड़के) का विवाह आंकड़े (अर्क) के पेड़ से निम्न दोषो के निवारण के लिए किया जाता है। जिसमें यदि विवाह योग में विलंब हो रहा हो या विवाह योग बनते बनते बिगड़ रहा हो, जन्म कुंडली में विवाह स्थान में पाप ग्रह बैठा हो या पाप ग्रह की दृष्टि हो, जन्म कुंडली में मांगलिक दोष अधिक प्रबल हो, मांगलिक दोष की शांति के बाद भी विवाह योग नहीं बन पा रहा हो, जन्म कुंडली में विवाह या रिश्ता टूटने के योग बनते हो, जन्म कुंडली में दि विवाह के योग या शादी के बाद कलह के योग बनते हो उपरोक्त सभी दोषो से मुक्ति अर्क विवाह करवाने के बाद मिल जाती है तथा विवाह योग भी शीघ्र बन जाता है।

## मंदसौर

### एक नजर में

## वृक्षारोपण एवं नशामुक्ति का संदेश




**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विकासखंड मंदसौर के दलौदा सेक्टर की नगर विकास प्रस्फुटन समिति, नगरी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जामुन, नीम, सीताफल एवं बिल्वपत्र सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री घनश्याम बगड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा, विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट, मेंटर्स श्री रूपदेव सिंह सिसोदिया तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्री बद्रीलाल धाकड़ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नानालाल अटोलिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए नशामुक्ति विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाज में स्वैच्छिक सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। मेंटर्स श्री रूपदेव सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वैच्छिकता पर्व के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

## जिले में अब तक 275 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 275 .4 मि .मी . वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 16 .7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में भानपुरा में 30 .6 मि .मी ., भावगढ़ में 7 .0 मि .मी ., गरोठ में 12 .0 मि .मी ., मल्हारगढ़ मे 0 मि .मी ., संजीत में 31 .0 मि .मी ., धुंधड़का में 0 मि .मी ., मंदसौर में 4 .0 मि .मी ., शामगढ़ में 17 .6 मि .मी ., कयामपुर में 47 .0 मि .मी ., सीतामऊ में 27 .4 मि .मी . एवं सुवासरा में 8 .0 मि .मी . वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 276 .0 मि .मी ., भावगढ़ में 282 .0 मि .मी ., गरोठ में 219 .4 मि .मी ., मल्हारगढ़ मे 288 .0 मि .मी ., संजीत में 227 .0 मि .मी ., धुधंड़का में 339 .0 मि .मी ., मंदसौर में 247 .0 मि .मी ., शामगढ़ में 298 .4 मि .मी ., कयामपुर में 272 .5 मि .मी ., सीतामऊ में 302 .6 मि .मी . एवं सुवासरा में 278 .2 मि .मी ., औसत वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्?तर अब तक 1298 .49 फीट है।

# ग्राम ढाबा व धुआंखेड़ी के किसानों ने ज्ञापन सौंपा



**भानपुरा। तहसील कार्यालय भानपुरा में ग्राम पंचायत धुंआखेड़ी व ढाबा गांव के 200 से अधिक किसानों ने बुधवार 22 जुलाई को नायब तहसीलदार भानपुरा सुनील अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर दोनों गांव के किसानों के साथ भेदभाव किए जाने का विरोध जताया।**

सोयाबीन खरीफ फसल सन् 2025 मौज रोग के कारण नष्ट हो जाने पर एवं नुकसानी का मौजा पटवारी द्वारा शत-प्रतिशत नुकसानी पंचनामा बनाए जाने के बावजूद बीमा कंपनी द्वारा मात्र 15.68 फिसदी मुआवजा दिए जाने पर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा एवं चेतावनी दी की 7 दिन में यदि शेष राशि बीमा कंपनी किसानों के खातों में जमा नहीं करती है तो लेदी चौराहे पर चक्का जाम कर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन का वाचन मांगीलाल जादम ने किया।

उपस्थित किसान महेंद्र सिंह, दुर्गा सिंह, शैलेंद्र सिंह, राधेश्याम, माधव सिंह, भारत सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा ,देवराज राठौड़, रणजीत सिंह, गुलाबचंद राठौर, बाबूलाल, दयाराम गुर्जर, भूपेंद्र सिंह, शंभू सिंह, पंकज गुप्ता, दुर्गेश सेन, गोपाल गुर्जर, गिरिराज शर्मा, रामसिंह हाड़ा आदि ने बताया कि धुंआखेड़ी व ढाबा के पास स्थित बोरदा,लेदी,भैसोदा, केसोदा , संधारा आदि गांवों में बीम राशि का 75 प्रतिशत नुकसान बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया गया परन्तु ढाबा व धुआंखेड़ी के किसानों के साथ भेदभाव किया गया, तहसील कार्यालय भानपुरा में उपस्थित किसानों ने आरोप लगाया है कि बीमा राशि वितरण में निष्पक्ष जांच करवाई जाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, साथ ही किसानों को 100 प्रतिशत बीमा र दिलवाई जाये नहीं तो चक्का जाम सहित अन्य उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# भौतिक साधनों से नहीं धर्म से जीवन बदलता है : आचार्य श्री सागरचन्द्र

**मंदसौर।** भौतिक साधनों से केवल मानव जीवन में बाहरी परिवर्तन आता है मानव जीवन में आंतरिक परिवर्तन केवल धर्म से ही आ सकता है हमारे जीवन में हमें परिवर्तन लाना है तो धर्म से जुड़ो जिनवाणी श्रवण करो और उसे आत्मसात करो।

उक्त उद्गार प.पू. जैन आचार्य श्री अशोक सागरजी म.सा. की पावन निश्रा में नई आबादी आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा में सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहे। आपने बुधवार की यहां धर्मसभा में कहा कि प्रतिदिन जो व्यक्ति जिनवाणी श्रवण करता है उसके जीवन में परिवर्तन जरूर आता है जीवन में हम जिनवाणी का महत्व समझे। आपने कहा कि आचार्य श्री अशोक सागरजी महाराजजी म.सा. ने अपने 65 वर्षों के संयम जीवन के दौरान कई जैन तीर्थ, उपाश्रय, मंदिर बनवाये लगभग 2000 करोड़ रु. की लागत से बने इन धर्मस्थलों में प्रतिदिन जो कुछ पूजा-धर्म-आराधना हो रही है उससे मानव जीवन में परिवर्तन आ रहा है आपने कहा कि जैन धर्म का इतिहास प्राचीन है भरत चक्रवर्ति के नाम पर इस भूमि का नाम भारत पड़ा, जैन धर्म व दर्शन का इतिहास प्राचीन है हम इसे समझे। आपने कहा कि हमें जीवन में अच्छा करना है अच्छा बनना है तो बुराई का त्याग करना पडेगा। गंदगी में रहकर हम पुष्पों की सुगंध नहीं आ सकती सुगंध का वातावरण चाहिये तो हमें गंदगी को छोड़ना ही होगा। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाये उपस्थित थे।

# सीतामऊ व सुवासरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बैठक, जनजागरूकता पर जोर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने सीतामऊ एवं सुवासरा में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक डोर-टू-डोर कचरा वाहन पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कचरे के पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निपटान के लिए नागरिकों को जागरूक करना और नगर निकाय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है। कलेक्टर ने प्रत्येक निकाय में कचरा निपटान स्थल चिन्हित करने, वार्डवार समितियों का गठन, नियमित जागरूकता अभियान चलाने तथा सूखा, गीला और सैनिटरी कचरे का अलग-अलग संग्रह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी, एसडीएम शिवानी गर्ग, नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने पौधारोपण भी किया।



### एक नजर

**विरोध में लोकप्रिय विधायक विपिन जैन व सभी कांग्रेस विधायकों ने सदन से किया बहिर्गमन**

# 15,186 किसानों के 27 करोड़ रुपये बकाए मुआवजे पर सरकार नहीं दे सकी समय-सीमा



**मंदसौर।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से वर्ष 2020 की अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों के बकाया राहत मुआवजे का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने राजस्व मंत्री से सवाल किया कि शासन द्वारा आरबीसी 6(4) के अंतर्गत स्वीकृत राहत राशि में से अब तक वितरित न की गई राशि कब तक पात्र किसानों को प्रदान की जाएगी।

विधायक विपिन जैन ने सदन में बताया कि वर्ष 2020 की अतिवृष्टि के बाद मंदसौर जिले के 51,179 किसानों के लिए ?80.08 करोड़ की राहत राशि स्वीकृत की गई थी। इनमें से लगभग ?52.60 करोड़ का वितरण कर दिया गया, जबकि 15,186 किसानों के ?27.47 करोड़ आज भी बकाया हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे पूर्व में भी दो बार तारांकित प्रश्न लगा चुके हैं, जिनके उत्तर में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया था कि उक्त राशि शेष है तथा धन उपलब्ध होने पर उसका भुगतान किया जाएगा ।

जैन ने सदन में कहा कि छह वर्ष बीत जाने के बावजूद हजारों किसान अपने अधिकार की राहत राशि का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने मंत्री से स्पष्ट रूप से पूछा कि जब सरकार पहले बकाया राशि स्वीकार कर चुकी है तो अब यह क्यों कहा जा रहा है कि प्रश्न उपस्थित नहीं होता । उन्होंने इसे विरोधाभासी बताते हुए सरकार से स्पष्ट समय-सीमा बताने की मांग की।

विधायक जैन ने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मंदसौर विधानसभा के 15,186 किसानों को उनका ?27 करोड़ से अधिक का बकाया मुआवजा प्रदान कर दिया जाए, तभी किसान वास्तव में महसूस करेंगे कि सरकार किसान कल्याण के प्रति गंभीर है। उन्होंने मंत्री से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे पहली बार विधायक बने हैं और किसानों के अधिकार के इस विषय पर उन्हें स्पष्ट उत्तर दिया जाए, न कि बात को टालने का प्रयास किया जाए।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अपने उत्तर में कहा कि मंदसौर जिले को राहत राशि के रूप में सर्वाधिक राशि दी गई है तथा अन्य वर्षों में भी किसानों को राहत प्रदान की गई है।